सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**

**तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा,**

**नई दिल्ली -110003**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण में वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करना।**

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (ऐरा) टैरिफ संबंधी कार्य करने के लिए संदर्भ शर्तों के अनुसार (टीओआर) वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) के रूप में पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। अपेक्षित अर्हता और यथा निर्धारित अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों को संबंधित श्रेणी में नियुक्त किया जाएगा। कोई भी पूर्व सूचना दिए बिना और कोई भी कारण बताए बिना रिक्तियों में परिवर्तन किया जा सकता है।

2. पात्रता संबंधी मानदंड, संदर्भ शर्तों (टीओआर) के अनुसार आदि सहित विवरण ऐरा की वेबसाइट www.aera,gov.in पर प्रकाशित रिक्ति संबंधी सूचना में उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तारीख 27.05.2025 को अपराह्न 5.30** बजे तक है। आवेदन रिक्ति संबंधी सूचना में उल्लिखित विवरण/माध्यम के अनुसार प्रस्तुत किए जाएं। नियत तारीख एवं समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**उप प्रमुख,**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण,**

**तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा,**

**नई दिल्ली -110003**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**
**Airports Economic Regulatory Authority of India**
**तृतीय तल, 'उड़ान, सफदरजंग हवाईअड्डा,**
**नई दिल्ली – 110003**

फा. सं. ए-20014/परामर्शदाता/2023-24-स्थापना. दिनांक : मई, 2025

**विषय : भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण में अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की नियुक्ति**

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (ऐरा) नीति एवं सांख्यिकी /टैरिफ प्रभाग में नीति एवं सांख्यिकी से संबंधित कार्य करने के लिए वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है। ये प्रभाग अन्य बातों के साथ-साथ प्रमुख हवाई अड्डों पर वैमानिक सेवाओं के संबंध में टैरिफ निर्धारण कार्य, सांख्यिकी एवं वित्तीय मॉडलिंग, डेटा संकलन, रिकॉर्ड रखने आदि से संबंधित कार्य करते हैं। अपेक्षित अर्हता और यथा निर्धारित अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों को अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

आवेदक को आवेदन पत्र पर स्पष्ट रूप से उस पद का नाम लिखना होगा जिसके लिए आवेदन किया गया है। आवेदकों को नीचे दिए गए पते पर स्थित प्रेषिती से केवल ई-मेल/डाक/कूरियर के माध्यम से ही संपर्क करना है। टेलीफोन कॉल या अन्य संचार साधनों से किए जाने वाले संपर्क पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

पदों का विवरण इस प्रकार है: -

1. **नौकरी सबंधी अपेक्षा और आयु:** संलग्नक-I में दी गई विस्तृत संदर्भ शर्तों के अनुसार।
2. **अर्हता, अनुभव, पारिश्रमिक और वार्षिक वेतन वृद्धि:** अर्हता, अनुभव, पारिश्रमिक और वार्षिक वेतन वृद्धि नीचे तालिका में दी गई है:

| क्र. सं. | पदों (श्रेणी) का नाम एवं इनकी संख्या | अर्हता | अनुभव/कौशल | समेकित पारिश्रमिक | वार्षिक वेतन वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | च | छ |
| 1. | वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) (02) | **अनिवार्य:**<br>(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक | **अनिवार्य अनुभव :-**<br>1. अभ्यर्थी को निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक प्रतिष्ठानों में अवसंरचना क्षेत्र में कार्य का कम से कम पच्चीस वर्ष का संचयी अनुभव हो:<br>(i) केन्द सरकार<br>(ii) केन्द्र सरकार का विनियामक प्राधिकरण<br>(iii) केन्द्र सरकार का न्यायिक/अर्द्ध-न्यायिक निकाय<br>(iv) केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम<br>(v) केन्द्र सरकार का सांविधिक निकाय<br>(vi) केंद्र सरकार का स्वायत्त निकाय<br>**वांछनीय अनुभव:** - अभ्यर्थी को निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक क्षेत्रों से संबंधित अनुभव होना चाहिए:<br>(i)किसी विशिष्ट अवसंरचना क्षेत्र के वर्तमान या आगामी विभिन्न पहलुओं/उप-क्षेत्रों से संबंधित नीति दिशा-निर्देशों/विनियमों/नियमों का प्रारूप बनाना/ निर्माण और/या कार्यान्वयन;<br>(ii) टैरिफ (या शुल्क/टोल/मूल्य निर्धारण, आदि) से जुड़े प्रस्तावों/मामलों का निपटान। | 1,75,000/- रूपए प्रतिमाह | संतोषजनक कार्यनिष्पादन होने पर समेकित पारिश्रमिक का 6% |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (iii) किसी विशिष्ट अवसंरचना क्षेत्र के विनियामक पहलुओं से जुड़े प्रस्ताव/ मामलों/विनियमों/नियमों पर कार्य करना।<br><br>**वांछनीय कौशल:-** उम्मीदवार के पास निम्नलिखित कौशल हों:<br>(i) उत्कृष्ट लिखित और संचार कौशल<br>(ii) गहन विश्लेषणात्मक कौशल<br>(iii) कम्प्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान | | |

टिप्पणी:

1. मंहगाई भत्ता, आवास, फोन/वाहन/परिवहन के लिए प्रतिपूर्ति, विदेश यात्रा, निजी स्टाफ, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, सीजीएचएस आदि जैसी कोई अन्य सुविधा/भत्ते आदि स्वीकार्य नहीं होंगे।
2. पदों की संख्या में बिना किसी पूर्व सूचना के तथा बिना कोई कारण बताए परिवर्तन किया जा सकता है।
3. उम्मीदवार अपने शासकीय कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए पूर्णत: स्वस्थ होना चाहिए।

**3. सामान्य शर्तें एवं निबंधन:**

**3.1 कार्यकाल:** वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की नियुक्ति दो वर्ष के लिए की जाएगी जिसे सक्षम प्राधिकारी की आवश्यकता और वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) का कार्य-निष्पादन संतोषजनक होने पर एक वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है। अपवादस्वरूप परिस्थितियों में ऐरा के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से तीन (3) वर्ष के बाद एक (1) वर्ष और आगे बढ़ाने के लिए विचार किया जा सकता है। किसी भी आवेदक का कार्यकाल सत्तर (70) वर्ष की आयु के बाद बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**3.2 स्थान परिवर्तन और स्थानांतरण:** किसी भी व्यक्ति/कार्मिक को सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार उस प्रभाग/अनुभाग से दूसरे प्रभाग/अनुभाग में स्थानांतरित किया जा सकता है जिसके लिए उसका चयन किया गया था। वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को विशिष्ट कार्यालय सुविधाओं/स्थान के लिए कोई अधिकार नहीं होगा/दावा नहीं करेगा, यह पूर्णत: सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर निर्भर करेगा।

**3.3** यह नियुक्ति विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर है और इसे खंड 9 के अनुसार किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है। अनुबंध ड्यूटी पर काम और दिन नियत होने के बाद चयनित विशेषज्ञों को किसी भी समय किसी भी प्रकार के रोजगार के लिए कोई अभ्यावेदन या दावा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**3.4** वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को आम तौर पर कार्यालय समय के दौरान कार्यालय में उपस्थित रहना होता है। परतुं, वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को विशेष परिस्थितियों/अत्यावश्यकताओं के तहत विशेष रूप से विशेष कार्यों के लिए या जब दूर से कार्य करना उपयुक्त हो तब ऐरा के विवेकाधिकार से ही घर से काम करने की अनुमति दी जा सकती है।

**4. छुट्टी:** वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) आनुपातिक आधार पर एक (01) वर्ष की पूर्ण अवधि के लिए बारह (12) दिन की आकस्मिक छुट्टी के लिए पात्र होंगे। वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को स्वीकार्य छुट्टी से अधिक अनुपस्थिति की अवधि के लिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। अप्रयुक्त अवकाश को न तो अगले वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जाएगा और न ही भुनाया जाएगा। वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को बिना किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक के शनिवार/रविवार और बंद अवकाश तथा सामान्य कार्यालय समय के बाद भी कार्यालय में उपस्थित रहने की आवश्यकता हो सकती है। हालांकि, रविवार को किए गए ऐसे कार्य के लिए वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) प्रतिपूरक छुट्टी लेने के हकदार होंगे। हकदारी छुट्टी के अलावा, वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) एक (01) वर्ष में अधिकतम पंद्रह (15) दिन बिना वेतन की छुट्टी ले सकते हैं। यदि वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) पंद्रह (15) दिन से अधिक समय तक बिना वेतन के अनुपस्थित रहते हैं, तो सक्षम प्राधिकारी को बिना किसी नोटिस और बिना किसी परिणामी लाभ के नियुक्ति के अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार है।

**5. नियुक्ति का प्रकार :** नियुक्ति विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर होगी।

**6. मूल्यांकन एवं चयन का आधार:** प्राप्त आवेदनों की जांच इस नोटिस (और शुद्धिपत्र, यदि कोई हो) में निर्धारित मापदंडों के आधार पर की जाएगी। उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार और/या समूह चर्चा के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

साक्षात्कार ऐरा के सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार निर्धारित किया जाएगा और आवेदक का इस संबंध में कोई दावा नहीं

होगा।

## 7. भत्ते, यात्रा और मुआवजा:

**7.1** साक्षात्कार या नियुक्ति होने पर कार्यभार ग्रहण करने या इसके पूर्ण होने पर कोई टीए/डीए/खर्च स्वीकार्य नहीं होगा।

**7.2** प्रत्येक वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को ऐरा के सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त होने पर शासकीय प्रायोजनों के लिए अंतरदेशीय दौरे करने होंगे। उन्हें नीचे बताए अनुसार आधिकारिक व्यय के लिए निम्नलिखित प्रतिपूर्ति या अग्रिम अनुदान की अनुमति दी जाएगी:

| पद | यात्रा का माध्यम | होटल, टैक्सी और भोजन बिलों की प्रतिपूर्ति |
|---|---|---|
| वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) | इकॉनोमी क्लास से हवाई यात्रा या रेल के एसी टू टियर द्वारा यात्रा | होटल आवास के लिए प्रतिदिन 2250 रुपये, शहर के भीतर यात्रा के लिए प्रतिदिन 338 रुपये तक का टैक्सी शुल्क तथा प्रतिदिन अधिकतम 900 रुपये के भोजन बिल की अनुमति होगी। |

**7.3** ऐरा या भारत सरकार के किसी भी कार्यालय या परिसर में अनुबंध के अंतर्गत कोई भी सेवा करते समय या अनुबंध की शर्तों के अंतर्गत ऐरा की ओर से सेवाओं के निष्पादन के कारण और/या आधिकारिक कर्तव्य के लिए यात्रा करते समय यदि किसी वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की मृत्यु, चोट या बीमारी हो जाती है या तो ऐसे वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) या ऐसे वरिष्ठ विशेषज्ञ के आश्रित किसी भी मुआवजे या किसी भी दावे के हकदार नहीं होंगे।

## 8. स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस):

आयकर अधिनियम एवं उसके नियमों के तहत लागू टीडीएस वरिष्ठ विशेषज्ञ के मासिक पारिश्रमिक से काटा जाएगा। इस संबंध में टीडीएस प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## 9. अनुबंध की समाप्ति:

**9.1** वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की नियुक्ति ऐरा द्वारा एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकती है। यदि कोई भी पक्ष एक माह का नोटिस दिए बिना नियुक्ति समाप्त करता है तो नियुक्ति समाप्त करने वाले पक्ष को नोटिस की अवधि के बदले आनुपातिक समेकित पारिश्रमिक का भुगतान करना होगा। परंतु यह नीचे उल्लिखित अन्य खंडों के अधीन होगा।

**9.2** वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को नियुक्ति से इस्तीफा देने से पहले एक माह का अग्रिम नोटिस या उसके बदले में पारिश्रमिक देना होगा।

**9.3** परतुं, ऐरा को किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी व्यक्ति की नियुक्ति उसके कार्यनिष्पादन के आधार पर या इसके लिए कोई कारण बताए बिना समाप्त करने का अधिकार है। इसके अलावा ऐरा अनुबंध की शर्तों के प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की नियुक्ति को समाप्त कर सकता है। यदि वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) के कार्यनिष्पादन या नियुक्ति की शर्तों के उल्लंघन के कारण ऐरा द्वारा नियुक्ति समाप्त की जाती है तो कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा और ऐरा द्वारा नोटिस की अवधि के बदले में कोई आनुपातिक समेकित पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**9.4** यदि कोई वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) दिए गए कार्य को ऐरा के नियंत्रण अधिकारी/सक्षम प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुसार नहीं कर पाता है, तो उसे बिना कोई नोटिस दिए और बिना कोई कारण बताए सार्वजनिक हित में बर्खास्त किया जा सकता है।

**9.5** यदि वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाता है तो अवधि पूर्ण होने पर उनकी नियुक्ति समाप्त हो जाएगी।

**9.6** यदि वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की नियुक्ति ऐरा द्वारा एक (01) वर्ष पूरा होने से पहले समाप्त कर दी जाती है या वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) एक (01) वर्ष पूरा होने से पहले ऐरा की अपनी नियुक्ति समाप्त कर लेता है तो उसे कार्य संबंधी कोई प्रमाण पत्र नहीं मिलेगा।

**10. विवादों की कानूनी स्थिति और निपटान:**

**10.1** प्रत्येक वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को ऐरा के संबंध में एक स्वतंत्र वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) का कानूनी दर्जा प्राप्त होगा और किसी भी प्रायोजन के लिए उसे ऐरा का "स्टाफ सदस्य" या ऐरा का "अधिकारी" नहीं माना जाएगा। तदनुसार, नियुक्ति की अवधि में या इस संबंध में किसी भी बात से नियोक्ता और कर्मचारी का संबंध नहीं होगा।

**10.2** ऐरा और प्रत्येक वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) नियुक्ति/अनुबंध या उसके उल्लंघन, समापन या अमान्यता के कारण होने वाले किसी भी झगड़े, विवाद या दावे को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए पूर्ण प्रयास करेंगे। किसी भी विवाद के मामले में, ऐरा के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**10.3.** इस विज्ञापन में स्पष्टतया न बताए गए सभी मामलों के लिए ऐरा के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**11. डेटा और दस्तावेज़ों की गोपनीयता:**

**11.1** ऐरा में नियुक्ति की अवधि के दौरान एकत्रित आंकड़ों के साथ-साथ तैयार सामग्री के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) ऐरा के पास रहेंगे।

**11.2** वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) अपने कार्य के प्रयोजनों के लिए या ऐरा के लिए कार्य के दौरान एकत्रित किए गए डेटा या सांख्यिकी या कार्यवाही या सूचना के किसी भी भाग का ऐरा की लिखित सहमति के बिना उपयोग, प्रकाशन नहीं करेगा या किसी तीसरे पक्ष को नहीं देगा।

**11.3** वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) को नियुक्ति/अनुबंध की समाप्ति से पहले तथा ऐरा द्वारा अंतिम भुगतान जारी किए जाने से पहले कार्य संबंधी सभी रिकॉर्ड ऐरा के रिपोर्टिंग अधिकारी को सौंपने होंगे।

**12. ऐरा के नाम, प्रतीक या आधिकारिक मुहर का उपयोग:**

वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) ऐरा में नियुक्ति का वाणिज्यिक लाभ उठाने के इरादे से स्वयं को प्रस्तुत नहीं करेगा या अन्यथा सार्वजनिक नहीं करेगा। वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) किसी भी मामले में, चाहे जो भी हो, ऐरा की अनुमति के बिना अपने व्यवसाय के संबंध में या अन्यथा भारत सरकार या ऐरा के नाम, प्रतीक या आधिकारिक मुहर या ऐरा के नाम के किसी भी संक्षिप्त नाम का उपयोग नहीं करेगा।

**13. तैनाती का स्थान :**

वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की नियुक्ति का स्थान नई दिल्ली होगा।

**14. छूट :**

इस विज्ञापन में उल्लिखित किसी भी शर्त में अपवादात्मक मामलों में लिखित रूप में कारण दर्ज करके तथा ऐरा के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से छूट दी जा सकती है।

**15. सक्षम प्राधिकारी को निम्नलिखित अधिकार है:**

**i.** किसी भी कारण से इस चयन और/या नियुक्ति को रद्द/स्थगित करना।
**ii.** किसी भी या सभी आवेदनों को कोई स्पष्टीकरण दिए बिना स्वीकार या अस्वीकार करना।

**16. आवेदन प्रस्तुत करने के लिए दिशानिर्देश:** इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक II) में विधिवत भरे हुए अपने आवेदन पत्र को संबंधित दस्तावेजों के साथ भेजें और आवेदन के ऊपर स्पष्ट रूप से आवेदन किए गए पद का नाम लिखें। ई-मेल/ डाक/कूरियर के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। अन्य किसी भी माध्यम से/ हाथों-हाथ आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन पत्र 27.05.2025 को सायं 05.30 बजे या उससे पहले नीचे दिए गए पते पर इस कार्यालय में पहुंच जाने चाहिएं। उपर्युक्त समय-सीमा के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन/अधूरे आवेदन/निर्धारित प्रारूप में नहीं प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। ऐरा अपने विवेकानुसार उचित दस्तावेज/सूचना मांग सकता है। इच्छुक आवेदक जिन्होंने पहले के किसी विज्ञापन के संबंध में आवेदन भेजा था, उन्हें भी नया आवेदन भेजना होगा और पहले के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

उप प्रमुख
भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण,
तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली- 110003
ई-मेल पता : - estt-rectt@aera.gov.in

(डॉ. कमलेश कुमार)
उप प्रमुख, ऐरा

अनुलग्नक **-I**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण के नीति एवं सांख्यिकी/टैरिफ प्रभाग में वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की नियुक्ति के लिए संदर्भ शर्तें**

वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की सेवा का उपयोग निम्नलिखित कार्य करने के लिए किया जाएगा:

1. वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) : 02 (दो)

2. (क) आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख को ऊपरी आयु सीमा: 65 वर्ष

   (ख) कार्य का दायरा/संदर्भ शर्तें:

   - कार्यनीतिक सहयोग, अनुसंधान और विश्लेषण
   - सांख्यिकी और वित्तीय मॉडलिंग
   - हितधारकों के साथ समन्वय
   - बहुवर्षीय टैरिफ प्रस्तावों के विश्लेषण सहित विनियामक मामले
   - निगरानी और रिपोर्टिंग
   - ऐरा के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक कोई अन्य कार्य और दिन-प्रतिदिन के मामले।

<u>संलग्नक-II</u>

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (ऐरा) में वरिष्ठ विशेषज्ञ (विनियामक) की भर्ती के लिए आवेदन प्रारूप**

1. नाम :

2. पिता का नाम:

3. (क) जन्म तिथि :

   (ख) आयु (आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के अनुसार) :

   (ग) क्या आवेदक की आयु अनुलग्नक I खंड 2(क) में निर्धारित ऊपरी आयु सीमा के अंतर्गत है: ……….**(हां/नहीं लिखें)**। कृपया जन्म तिथि दर्शाने वाले किसी भी सरकारी पहचान दस्तावेज (आधार/मतदाता पहचान पत्र/ड्राईविंग लाइसेंस आदि) की प्रति भी संलग्न करें।

4. राष्ट्रीयता :

5. डाक विवरण:

| डाक/वर्तमान पता | स्थायी पता | दूरभाष/मोबाइल | ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|
| | | | |

6. शैक्षिक अर्हता : -

   अनिवार्य :

| क्र. सं. | अर्हता | विश्वविद्यालय/संस्थान | उत्तीर्ण करने का वर्ष | डिवीजन/ श्रेणी | क्या यह अर्हता विज्ञापन के खंड 2 (कॉलम ग) के अनुसार अनिवार्य अर्हता के अंतर्गत आती है: **लिखे हां/नहीं** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

7. कार्य अनुभव : -

अनिवार्य :

| क्र. सं. | संगठन/संस्थान (क) | कब से (वर्ष एवं माह) (ख) | कब तक (वर्ष एवं माह) (ग) | समयावधि [वर्ष एवं माह] (घ) = [(ग)-(ख)] | किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण (च) | क्या यह अनुभव विज्ञापन के खंड 2 (कॉलम घ) के अनुसार अनिवार्य अनुभव के अंतर्गत आता है –**लिखें हां/नहीं** (छ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | अनिवार्य अनुभव की कुल अवधि (इस विज्ञापन का खंड 2 (कॉलम घ)) देखें (वर्ष और माह में) | | | ………… | | |

8. क्या ऊपर (क्रम संख्या 7) में दी गई अनिवार्य अनुभव की कुल अवधि इस विज्ञापन के खंड 2 *(*कॉलम घ) में बताए अनुसार न्यूनतम अनिवार्य अनुभव (वर्ष में) की अपेक्षा को पूरा करती है: ………. ***(लिखें हां/नहीं)***

9. कार्य अनुभव : -

वांछनीय *:*

| क्र. सं. | संगठन/संस्थान (क) | कब से (वर्ष एवं माह) (ख) | कब तक (वर्ष एवं माह) (ग) | समयावधि [वर्ष एवं माह] (घ) = [(ग)-(ख)] | किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण (च) | क्या यह अनुभव विज्ञापन के खंड 2 (कॉलम घ) के अनुसार अनिवार्य अनुभव के अंतर्गत आता है– **लिखें हां/नहीं (छ)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

10. *क्या अभ्यर्थी इस विज्ञापन के खंड 2 (कॉलम घ) के अनुसार वांछनीय अनुभव प्राप्तहै?*: …………… **(*लिखें हां/नहीं*)**

11. *क्या अभ्यर्थी के पास इस विज्ञापन के खंड 2 (कॉलम घ)के अनुसार वांछनीय कौशल हैं?*: ………….. **(*लिखें हां/नहीं*)**

12. *यदि आवेदक चाहे तो वह अपनी योग्यता/अनुभव/कौशल आदि से संबंधित दस्तावेज संलग्न कर सकता है।*

13. घोषणा :

1) मैं प्रमाणित करता हूँ कि मेरे आवेदन में दी गई सभी जानकारी और दस्तावेज मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य हैं। मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई किसी भी गलत/भ्रामक/अधूरी जानकारी या दस्तावेजों के लिए मैं पूरी तरह से जिम्मेदार रहूँगा।

2) मैं रिक्ति सूचना और शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के सभी नियमों और शर्तों से सहमत होने और उनका पालन करने की पुष्टि करता हूँ।

3) मैं प्रमाणित करता हूँ कि जिस पद के लिए मैं आवेदन कर रहा हूँ उसके लिए मेरे पास निर्धारित अनिवार्य अर्हता और अनिवार्य अनुभव है तथा मैं यह भी प्रमाणित करता हूँ कि जिस पद के लिए मैं आवेदन कर रहा हूँ उसके लिए रिक्ति सूचना में उल्लिखित सभी अनिवार्य अपेक्षाएँ मैं पूरी करता हूँ।

4) मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैं अपने शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन प्रभावी ढंग से करने के लिए स्वस्थ हूँ।

5) मैं समझता हूं कि अपूर्ण आवदेन/उपयुक्त प्रारूप में न प्राप्त आवेदन, तथा नियत तिथि के बाद ऐरा में प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(उम्मीदवार का नाम एवं हस्ताक्षर)

स्थान :

दिनांक: